तापमान
अधिकतम 46.0 डिग्री
न्यूनतम 29.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

15 प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें कार्य : उपायुक्त

15 कुश्ती चैंपियनशिप में काजल ने जीता सोना





# प्री मानसून : कहीं राहत, तो कहीं आफत


सोनीपत। शहर में हुई बारिश में गुजरते वाहन चालक।


सोनीपत। ड्रेन को जेसीबी की मदद से खोलते हुए कर्मचारी।


सोनीपत। मौके पर दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त।

- ड्रेन का पानी जाहरी गांव तक पहुंचा, उपायुक्त ने मौके का दौरा कर ड्रेन को खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दो दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश जहां किसानों के लिए राहत बन रही है वहीं शहर में आफत बन रही है। दो दिन से हुई बारिश में निर्माणाधीन ड्रेन का दूषित पानी बस स्टैंड के साथ लोगों के घरों में भर गया। वहीं उल्टा गांव जाहरी तक पहुंच चुका है। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला उपायुक्त व नगर आयुक्त की टीम ड्रेन पर पहुंची। जहां बारिश के चलते बस अड्डा व आसपास की कॉलोनियों में पानी भरे हुए दूषित पानी व अब मानसून के नजदीक आते ही निगम प्रशासन ने ड्रेन से पानी की निकासी शुरू कर दी है। जल्द लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि नगर निगम आयुक्त ने मानसून सीजन के चलते ड्रेन पर चल रहे निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दो दिन पहले जारी कर दिए थे। नंदवानी नगर के पास ड्रेन नंबर छह के 30 मीटर हिस्से को पक्का करने का काम रह गया था। वीरवार व शुक्रवार को ड्रेन के दोनों तरफ दीवारों का निर्माण किया गया। इसके बाद ड्रेन को खोल दिया गया है। नगर निगम की ओर से देवडू रोड से शादीपुर तक अमृत योजना के ड्रेन के पार्ट-1 को पक्का करने के लिए 92 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। 90 फीसदी निर्माण पूरा कर लिया है। अब बस अड्डे के पास व बहालगढ़ रोड पर पुलों को ड्रेन से जोड़ने का काम बचा है। अब बारिश के बाद ही 10 फीसदी निर्माण पूरा हो पाएगा।

इसके बाद करनाल के मुगल कैनाल की तर्ज पर ड्रेन पक्की किए जाने के बाद यहां की तस्वीर अलग नजर आएगी।

## बूंदा-बांदी से परेशानी बढ़ी

शनिवार को जिले में अलग-अलग स्थानों पर बारिश हुई। शहर में जहां हल्की बारिश हुई तो गन्नौर क्षेत्र में 80 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं खरखौदा में तीन एमएम बारिश दर्ज की गई। गन्नौर में हुई तेज बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। किसानों ने धान की रोपाई तेज कर दी है। वहीं शहर की सड़कों पर पानी भराव के चलते वाहनों चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते परेशानी ज्यादा बढ़ गई है।

## खेतों व कॉलोनियों से पानी उतरना शुरू

मानसून के चलते ड्रेन में पानी खोल दिया गया है। अब खेतों व कॉलोनियों में भरा पानी उतरना शुरू हो गया है। लोगों को अब घबराने की जरूरत नहीं है। बस अड्डे व कॉलोनियों में पानी भरने की नौबत आती है तुरंत मशीनें व पंप लगाकर पानी की तुरंत निकासी कराई जाएगी। तीन माह तक ड्रेन पर कोई कार्य नहीं होगा। बारिश का मौसम बीतने के बाद बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा।

**मनोज कुमार**, जिला उपायुक्त।

## 24 को पहली बारिश में हो गई थी ड्रेन ओवरफ्लो, जल्द राहत की उम्मीद

ड्रेन निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी कम हो रही है। जिसकी वजह से 24 जून को हुई बारिश के चलते ड्रेन ओवरफ्लो हो गई थी। जिसके कारण ड्रेन का पानी बस अड्डे, आदर्श नगर की गलियों व अन्य कॉलोनियों में घुस गया था। आदर्श नगर में आने जाने में लोगों को परेशानी हो रही थी। वहीं शुक्रवार व शनिवार को हुई बारिश ने समस्या को ओर बढ़ा दिया। जिसके बाद जिला उपायुक्त व नगर आयुक्त मौके पर पहुंचे। उसके बाद शनिवार दोपहर के समय निगम प्रशासन ने ड्रेन को खोल दिया गया। अब बस अड्डे व कॉलोनियों के अलावा खेतों से पानी की निकासी का काम शुरू कर दिया है। अब जटवाड़ा व जाहरी के खेतों और शहर के अंदर बस अड्डे में भरने वाले दूषित पानी से लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

## कार की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ने दो पहिया वाहन सवार देवर भाभी व उनकी बेटी को चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि उसका देवर घायल हो गया। हादसे में बच्ची बाल-बाल बच गई। गांव बीबीपुर करनाल निवासी राजेश ने बताया कि वह अपनी भाभी शकुंतला व आठ वर्षीय भतीजी सोनिया के साथ 27 जून को बाइक पर सवार होकर करनाल की तरफ जा रहे थे। जब वह बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह बेसुध हो गए। होश आया तो वह पीजीआई रोहतक में थे। तब उन्हें पता लगा कि राहगीरों ने उन्हें नागरिक अस्पताल पहुंचाया था। जहां से उन्हें व उनकी भाभी को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था। पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान उनकी भाभी की मौत हो गई। हादसे में उनकी भतीजी बाल-बाल बच गई। सूचना के बाद पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।








*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्र

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

**बिजनेस डेस्क**

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

मल्टी-कैप फंड

***मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।***

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉर्मेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।

---




*कब डबल होंगे पैसे: आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति
- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैस डबल होंगे

---

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

**बिजनेस डेस्क**

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।

**सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी**

## 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी

कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।

### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत



50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।







### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

---

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

**कैसे बनेंगे करोड़पति**

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



### क्या कहते हैं आंकड़े

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

**बिजनेस डेस्क**

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह 30 जून को पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डा. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के नए लाभार्थियों को लाभ वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में भी पंचायत भवन स्थित सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### मकान से हजारों की नकदी व सामान चोरी

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मुरथल में चोर घर से नकदी और आभूषण व मोबाइल चोरी कर ले गए। पीड़िता ने गांव के युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुरथल निवासी कृष्णा ने पुलिस को बताया कि वह रात को घर पर अंदर से ताला लगाकर सो गई थी। सुबह उठी तो अलमारी का ताला टूटा मिला। अलमारी से 10 हजार रुपये और सोने की बालियां गायब थी।

### अवैध शराब की 200 पेटी बरामद, दो आरोपी दबोचे

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने जींद रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के निकट से अवैध बियर की 200 पेटी बरामद की और दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी विभाग से निरीक्षक अमरजीत को मौके पर बुलाया। आरोपित पिकअप में बियर की पेटियां भर कर जींद की तरफ जा रहे थे। आरोपितों के पास परमिट, लाइसेंस और दस्तावेज नहीं थे। सहायक उप निरीक्षक दिवान पुलिस की टीम के साथ कालेज मोड के निकट मौजूद थे।

### नकदी व जेवरात चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने घर से जेवरात व नकदी चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अनिल उर्फ लीला निवासी साबौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वाजिदपुर सबौली निवासी सहदेव ने गत 27 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह परिवार सहित गत 25 जून को अपनी ससुराल गया हुआ था।

### संत ज्ञानेश्वर की जयंती मनाई

**गोहाना।** शहर की चोपड़ा कॉलोनी के वार्ड नंबर 16 में शनिवार को महान संत ज्ञानेश्वर की जयंती मनाई गई। समारोह में लोगों ने संत ज्ञानेश्वर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग विकास मंच के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज सेन ने कहा संत ज्ञानेश्वर भारत में 13वीं सदी के महान संत, कवि और योगी थे।

### ऋषिकुल विद्यापीठ का छात्र शिक्षक दल सिंगापुर पहुंचा

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों का दल बून ले सैकेंडरी स्कूल सिंगापुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आदान-प्रदान हेतु लगभग दस दिवसीय यात्रा के लिए सिंगापुर पहुंचा। जिसमें विद्यालय के दो छात्र तथा दो अध्यापक मिडिल विंग इंचार्ज निशा शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत विभिन्न विदेशों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आदान-प्रदान के लिए तथा विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर शिक्षित करने के लिए जाना जाता है।

### पुलिस ने सरेराह झगड़ते दो आरोपियों का दबोचा

**बहादुरगढ़।** आमजन की शांति भंग करने आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ा है। थाना सेक्टर-6 में संबंधित कार्रवाई करते केस दर्ज किया है। जब सेक्टर-6 थाना पुलिस परशुराम मार्ग पर नहर के पास गश्त पर थी तो उसी दौरान दो व्यक्ति सरेराह आपस में गुत्थम गुत्था होकर शोर शराबा कर रहे थे।

---

### जगह-जगह जलभराव ने अधिकारियों के दावों की पोल खोली

# नालों की सफाई पर लाखों खर्च फिर भी बारिश में शहर जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

शहर के मुख्य रेलवे रोड पर नालों की सफाई पर लाखों खर्च होने के बाद भी शनिवार को हुई बरसात से पूरा शहर जलमग्न हो गया। जगह-जगह जलभराव ने अधिकारियों के दावों की पोल खोल कर रख दी। शहर के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ सीवरेज ओवरफ्लो हो गए हैं और सड़कें पानी से लबालब हो गई। जिसके कारण रेलवे रोड, नगरपालिका रोड़, बादशाही रोड, ईदगाह रोड, पांची रोड, खेड़ी रोड़, गांधी नगर, खेड़ी रोड के अलावा अशोक नगर, किशनपुरा, केडी नगर, शास्त्री नगर, बसंत विहार, अनुप नगर, सरार्फा मार्केट सहित शहर के अन्य इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज बरसात के कारण लोगों ने घर से निकलने से परहेज किया। नाले गंदगी से भरेः नालों की सफाई के ये हालात हैं कि रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी हुई है। दुकानदारों द्वारा नाले पर किए गए अवैध कब्जों को तोड़कर सफाई नही की गई। दुकानदारों का कहना कि बरसात के पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था व नालों की सफाई न होने के कारण उनकी दुकानों के आगे इतना पानी खड़ा रहता है कि एक या दो दिन उनकी दुकानदारी प्रभावित रहती है। अब तो हालत पहले से भी बदतर हो गई है। बरसात होने के कुछ घंटे बाद नालों से रेलवे रोड का पानी उतर जाता था, लेकिन शनिवार को सुबह हुई बरसात का पानी पूरा दिन सड़क पर भरा रहा।

## रेलवे रोड पर कई जगह पर नालों में गंदगी भरी



बरसात के बाद रामलीला ग्राउंड के सामने बादशाही रोड पूरी तरह से जलमग्न।



गन्नौर। पुराना एसडीएम कार्यालय के परिसर में भरा बरसात का पानी।





दोपहर को हुई बरसात के बाद शाम को रेलवे रोड पर भरा बरसात का पानी।

### सरकारी भवन भी जलमग्न

बरसात के कारण सरकारी भवनों के बाहर भी पानी जमा हो गया। पुराना तहसील परिसर, जनस्वास्थ्य विभाग व नपा कार्यालयों के परिसर भी पूरी तरह जलमग्न हो गया।

---



गन्नौर। आईटीआई राजलू गढ़ी में दाखिले के लिए दस्तावेजों की जांच करवाते छात्र।

## प्रथम मेरिट लिस्ट में आईटीआई राजलू गढ़ी में 98 विद्यार्थियों को सीट अलाट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

आईटीआई राजलू गढ़ी में दाखिला के लिए प्रथम मेरिट लिस्ट शुक्रवार को जारी कर दी गई। वर्ग अनुदेशक इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि आईटीआई राजलू गढ़ी में कुल 244 सीटों पर दाखिले होने हैं। जिसमें से प्रथम मेरिट लिस्ट में 98 अभ्यर्थियों को सीट अलाट की गई है। उन्होंने बताया कि दाखिला प्रक्रिया को सुचारू रूप से करने के लिए संस्थान में दो कमेटियों का गठन किया गया है। एक समस्या निवारण व हेल्प डेस्क कमेटी दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से दूर कर रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे राउंड की मेरिट लिस्ट 4 जुलाई, तीसरे राउंड की मेरिट लिस्ट 14 जुलाई व चौथे राउंड की मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को जारी की जाएगी। इंचार्ज अशोक कुमार द्वारा दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी कि जैसे ही उन्हें सीट अलाट होती है। वह अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ व अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान में आकर अपना दाखिला करवा लें।

### प्रताप स्कूल में इवेल्युएशन प्रैक्टिस पर सेमिनार

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल खरखौदा में सीबीएसई बिल्डिंग कैपेसिटी प्रोग्राम के तहत स्ट्रेंथनिंग असेसमेंट एंड इवेल्युएशन प्रैक्टिस, आकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करना विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रताप स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। सेमिनार के पहले दिन डा. नीरू सबरवाल व दूसरे दिन डा. सौरभ ट्रैनर ने वर्णित विषय पर जानकारी दी गई। आकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करना विषय पर सेमिनार में जिन विषयों पर चर्चा की गई, उनमें आकलन और मूल्यांकन के महत्व, शिक्षा और संगठनात्मक संदर्भ में आकलन और मूल्यांकन के महत्व का अवलोकन, प्रभावी आकलन के सिद्धांतः पारदर्शिता, वैधता, निष्पक्षता और स्पष्टता जैसे मुख्य सिद्धांत, आकलन के प्रकार, आकलन के विभिन्न प्रकार-सूचनात्मक, संचारात्मक, निर्णायक और उनके उद्देश्यों की जांच, प्रभावी आकलन का डिजाइनः आकलन का डिजाइन करने के लिए रणनीतियां जो सीखने के उद्देश्यों से मेल खाती हैं।

---

## दृढ़ संकल्प व मेहनत सफलता की कुंजी

- एचसीएस परीक्षा में 32वां रैंक प्राप्त करने वाले मुकुल को विधायक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने एचसीएस परीक्षा में 32वां स्थान प्राप्त करने वाले मुकुल दहिया को उनके निवास स्थान नजदीक जिंदल ग्लोबल सिटी पहुंचकर सम्मानित किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुकुल दहिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक सुरेंद्र पंवार मुकुल के घर पहुंचकर उसके माता-पिता व समस्त परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुकुल ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सोनीपत का हरियाणा में नाम रोशन किया है। मुकुल की सफलता से न जाने कितने युवा प्रेरित होकर अपने जीवन को सफल बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है। जब तक विद्यार्थी ईमानदारी के साथ निरंतर मेहनत नहीं करेगा तब तक वह सफल नहीं होगा। जीवन में कई बार कठिनाइया आती रहती है, लेकिन कभी भी रूकना नहीं चाहिए। समस्याओं से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि मुकुल दहिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की है। शुरूआती दौर से ही बड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई की, जिसके परिणामस्वरूप उसे सफलता मिली है। इस दौरान पार्षद नीतू दहिया, राजेश दहिया, वीरेंद्र दहिया, मनीषा, राजेश, प्रवीण, नरेंद्र दहिया आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार मुकुल दहिया को सम्मानित करते हुए।

### आयोजित शिविर में 83 लोगों ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** जनहित अभियान फाउंडेशन के तत्वावधान में खरखौदा के दिशा नर्सिंग इंस्टीट्यूट में रक्तदान शिविर लगाया गया। इंस्टीट्यूट की निदेशक अंजू कुमारी ने शिविर का उद्घाटन किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती, बल्कि इसका लाभ ही मिलता है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि शनिवार के रक्तदान शिविर में 83 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। समाज सेवी स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, दिशा नर्सिंग इंस्टीट्यूट संचालक अशोक कुमार, अजय कुमार, पवन कौशिक, गुलाब सैनी,आदित्य खोखर, डा. इमरान खान,जसवीर अहलावत, रामदिया गोपालपुर, मंजीत दहिया, मानसी, बिजेंद्र जांगड़ा, मानसी, मीनाक्षी, याचिका, सन्ध्या,नितिन, आदि उपस्थित रहे।

## संगठन के विकास के लिए वैचारिक स्पष्टता आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 17 जिलों से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय शिक्षा से प्रमुख 47 शिक्षक बंधुओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीता राम व्यास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कहा कि शैक्षिक महासंघ राष्ट्रीयता के भाव को लेकर अपने वैचारिक मंतव्य को लगातार नीत नूतन प्रयासों से आगे बढ़ा रहा है। किसी भी संगठन में जब तक वैचारिक स्पष्टता नही होगी तब तक वो निरंतर आगे नही बढ़ सकता है। महासंघ के अतिरिक्त महामंत्री प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि कि हम वास्तव में क्या थे और क्या हो गए। 1850 के बाद जिस प्रकार से हमारे विमर्श को बदला गया वो हमें अपनी जड़ों से काटता जा रहा है जिसको हमें रोकना होगा। महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा (महाविद्यालय शिक्षा) के महामंत्री डॉ. सतीश कुमार सैनी, अभ्यास वर्ग सोनीपत ईकाई से प्रो. शमशेर भंडेरी आदि मौजूद रहे।



---



वाटर कूलर का लोकार्पण करते चेयरपर्सन रजनी विरमानी व साथ में हैं बच्चे।

### पार्क में वाटर कूलर स्थापित

गोहाना। शहर में पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित शहीद मदन लाल धींगरा पार्क में लोगों की जल सेवा के लिए शनिवार को वाटर कूलर सिपित किया गया। नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया नगर परिषद द्वारा कई साल पहले शहीद मदन लाल धींगड़ा पार्क का निर्माण करवाया गया था। पार्क में सुबह-सायं काफी बच्चे खेलने और काफी संख्या में लोग भी टहलने के लिए आते हैं। पार्क में पेयजल व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में यहां खेलने के लिए आने वाले बच्चों को पार्क के सामने स्थित गुरुद्वारे में लगे वाटर कूलर पर पानी पीने के लिए जाना पड़ता था। शनिवार को पार्क में वाटर कूलर स्थापित किया गया। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया। पार्क में बच्चों के लिए स्केटिंग, टेनिस और क्रिकेट पिच का भी निर्माण करवाया जाएगा।

## कुश्ती चैंपियनशिप में काजल ने जीता सोना

- फूल व पैसों की माला पहनाकर और मिठाइयां बांटकर स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लाठ की लाडली ने लठ गाड़ दिया है। बेटी ने प्रतियोगिता के अंडर 17 आयु वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहलवान काजल ढोचक का पदक जीतकर लौटने पर फूल व पैसों की माला पहनाकर और मिठाइयां बांटकर स्वागत किया गया। काजल का सेक्टर 23 से बड़वासनी स्थित कुलदीप मलिक खेलकूद अकादमी तक सनरूफ कार में बैठाकर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया। पहलवान काजल ने जॉर्डन के अम्मान में 22 से 30 जून तक आयोजित की जा रही एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के अंडर 17 आयु वर्ग के 73 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। काजल गांव बड़वासनी स्थित कुलदीप मलिक खेलकूद अकादमी में कुश्ती के दांव पेच सीख रही है।प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में काजल ने मंगोलिया की पहलवान त्सेरेन्नयम उरंजया को 10-0 से पटखनी देकर देश की झोली में स्वर्ण पदक डाला। बेटी के स्वर्ण पदक जीतने पर अंतरराष्ट्रीय रेफरी वीरेंद्र मलिक, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक राज सिंह छिक्कारा आदि ने बधाई दी।



गोहाना। पहलवान को आशीर्वाद देते हुए। फोटो : हरिभूमि



कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथि एवं शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### कार्यशाला का समापन

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। शैक्षिक कौशल विकास के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला के लिए मार्गदर्शन विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शम्र्मा का रहा। नेतृत्व प्राचार्य अश्विनी कुमार का रहा और अध्यक्षता एडवोकेट तिलकराज रेहलन ने की। संयोजन शिक्षिका रजनी का रहा। वंदना सत्र में गीता सह शिक्षा विद्यालय कुरुक्षेत्र की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दिशा बोध के अंतर्गत उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आचार्य छात्रों के समक्ष अपनी छवि एक विषय विशेषज्ञ रूप में प्रस्तुत करें। इस हेतु कार्य के प्रति रुचि तथा ज्ञानार्जन इस प्रकार हो जिससे अध्ययन, अध्यापन तथा संस्कार उसके जीवन से सदैव जुड़े रहें। समिति अध्यक्ष परमानंद ने कहा कि अभिनव पंचपदी शिक्षण हेतु अति आवश्यक है। इस पद्धति से हम विद्यार्थियों का सदैव सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

---

**समीक्षा** | कैंप कार्यालय में सीएम घोषणाओं, सीएम विंडो, योजनाओं व पोर्टल को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी करेंगे तय, लापरवाही मिलने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

# प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें कार्य, जिला प्रशासन की ओर से मिलेगा पूर्ण सहयोगः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं के तहत गांव में किए जा रहे विकास कार्यों को गंभीरता से लेते संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के साथ पूरा करवाएं ताकि ग्रामीणों को सभी सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्यों को करवाने में किसी अधिकारी को कोई परेशानी आ रही है तो उस समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को पूरा करने में अगर कोई अधिकारी ढिलाई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने शनिवार को कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं, एचआरडीएफ योजना, अमृत सरोवर, ग्रे वाटर मैनेंजमेंट, तालाबों का सौंदर्यकरण, शिवधाम, एमपी लैड, स्वीमित्व, जन स्वांद, सीएम विंडो आदि योजनाओं व पोर्टल को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन घोषणाओं को समयबद्धता के साथ शीघ्र पूरा करवायें। कोई भी घोषणा लंबित नहीं रहनी चाहिए। जो भी स्थिति है उसे अपडेट करें। इसके अलावा अगर कोई सीएम घोषणा पर कार्य नहीं किया जा सकता तो उसे नॉट फिजिबल करवाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव में कोई तालाब ओवर फलो है तो उसे तुरंत खाली करवाएं ताकि बारिश के समय लोगों के घरों में पानी न पहुंचे। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सीएम विंडो पोर्टल की पुरानी शिकायतों का तुरंत समाधान करवाएं। इसके अलावा जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों व विकास कार्यों की मांगों को भी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला के प्रत्येक गांव में पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए, अगर किसी भी गांव में कोई परेशानी हो रही है तो उसे तुरंत दूर करवाएं। उन्होंने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को तुरंत पूरा करवाएं। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ डा सुशील कुमार, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ ललिता, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, पंचायत विकास विभाग से एक्सईएन अश्वनी, एक्सईएन कुलबीर सहित अन्य मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### महिला ने दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म व ब्लैकमेल का आरोप

**खरखौदा।** दुष्कर्म व ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाते एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता का कहना है कि वह शादियों में खाना बनाती है। काम से घर आने के दौरान एक युवक ओमन ने उसे कार से लिफ्ट दी और इस दौरान उसका नंबर ले लिया। जिसके बाद आरोपि ने साथी सहित उसके घर आकर दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली। आरोपित वीडियो की धमकी देते उससे अब तक करीब 3 लाख रुपये ले चुका है।

**NAME CHANGE**

I, Himanshu Taneja S/o Sh. Hans Raj Taneja R/o H.No. 37/24, Dev Nagar, Tehsil & Distt. Sonipat declare that my date of birth is 06.12.1982 and I have changed my name from Hemant Kumar Taneja to Himanshu Taneja. In future I should be known by the name Himanshu Taneja.

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण को बस ने टक्कर मारी

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव माहरा के निकट हाईवे के पार कर रहे ग्रामीण को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल गोहाना लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भतीजे की शिकायत र बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया।

गांव भैसवान खुर्द के मोहित ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा आनंद (54) पड़ोस के गांव माहरा में बिजली की तार लेने गए थे। वे तार लेकर गांव माहरा से पैदल अपने घर आ रहे थे। जब वे गांव माहरा में रोहतक-पानीपत हाईवे को पार कर रहे थे तो रोहतक की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज विभाग बस ने उनको टक्कर मार दी। उसके चाचा को नागरिक अस्पताल गोहाना पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बरोदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजन को सौंप दिया।

### शॉपिंग माल से एसी की कॉपर पाइप चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के मुरथल रोड स्थित शॉपिंग माल की छत से चोर एसी की कॉपर पाइप को चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिलाइंस स्मार्ट प्वाइंट में मैनेजर अनिल कश्यप ने बताया कि रात को कोई माल की छत पर लगे एसी की कापर पाइप चोरी कर ले गया। पाइप करीब 30 फीट लंबी थी। उन्होंने अपने स्तर पर चोर का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### साप्ताहिक रक्तदान शिविर 1 जुलाई को

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर 1 जुलाई को शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित होगा। शिविर में रोटरी ब्लड सेंटर सोनीपत की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंचेगी।

रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सुलतान सिंह सैनी डिब्बे वाले होंगे। अध्यक्षता उषा गगनेजा की होगी और संयोजन नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास का रहेगा। यह शिविर दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी के सहयोग से आयोजित होगा। कम्पनी के सीनियर ब्रांच मैनेजर अशोक कुमार विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक आयोजित होगा।

# ब्लाइंड मर्डर में खुलासा : डेयरी संचालक की दो नहीं चार गोलियां मारकर की थी हत्या

- हत्यारों की तलाश में पुलिस की टीमें दे रही दबिश, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को जा रहा खंगाला
- पुलिस ने हत्यारोपितों की तलाश के लिए पांच टीमों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी के पास डेयरी संचालक की दो नहीं चार गोलियां मारकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सभी चार गोली उनके सिर में मारी गई थी। पुलिस ने मामले में जांच तेज कर दी है। इसके लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है। दावा है कि जल्द ही हमलावरों का पता लगाकर गिरफ्तार किया जाएगा।

गोपाल नगर आजादपुर दिल्ली निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को बयान दर्ज कर बताया था कि उनके भाई सुरेश (42) पहले दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित घर में रहते थे। वह आजादपुर मंडी में दूध डेयरी चलाते थे। पत्नी से मनमुटाव के बाद वह अब दूध डेयरी में अकेले रहने लगे थे। शुक्रवार तडके चार बजे उन्हें सूचना मिली कि सुरेश की केएमपी पर गोली मारकर हत्या की गई है। जिस पर वह राई थाना पहुंचे थे। उनके भाई वीरवार रात करीब नौ बजे अपने परिचित दूध का काम करने वाले जयपाल की आल्टो कार लेकर सोनीपत के लिए चले थे। रात को किसी अज्ञात हमलावर ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुरूआत में कहा गया था कि सुरेश की दो गोली मारकर हत्या की गई है। हालांकि पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो उसमें खुलासा हुआ कि सुरेश को दो नहीं बल्कि चार गोली मारी गई थी। सभी गोलियां उनके सिर में मारी गई थी।

**एसपी के नेतृत्व में पांच टीम की गई गठित**

पुलिस ने मामले में पांच टीमों का गठन किया है। जिसमें राई थाना की दो टीमों के साथ ही सीआईए की तीन टीम भी शामिल है। पुलिस ब्लाइंड मर्डर से पर्दा उठाने को लगातार प्रयास कर रही है।

**जल्द होगा मामले का पटाक्षेप**

हत्या के मामले में सबूत जुटाए जा रहे है। परिवार के सदस्यों से लेकर व्यापारिक रिश्ता रखने वालों से भी संपर्क किया गया है। जल्द मामले का पटाक्षेप किया जाएगा। सुरेश के पोस्टमार्टम में पता लगा कि उनके सिर में चार गोली मारी गई है।

- मुकेश जाखड़, एसीपी सोनीपत।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का रविवार को रहेगा अंतिम दिन

# दाखिले के लिए दो दिन और करना पड़ेगा इंतजार, शेड्यूल में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के महाविद्यालयों में दाखिले के लिए पंजीकरण करवा चुके विद्यार्थियों का दाखिले को लेकर इंतजार दो दिन और बढ़ गया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया को लेकर पहले जारी किए गए शेड्यूल में बदलाव किया है। जिसके तहत 02 जुलाई को जारी की जाने वाली प्रोविजनल मेरिट सूची अब 04 जुलाई को जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाने के कारण ही दाखिले के शेड्यूल में बदलाव किया गया है।

महाविद्यालयों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है, जिसका रविवार को अंतिम दिन रहेगा। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की तरफ से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाए जाने के बावजूद भी कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया धीमी ही रही है। यही कारण है कि अधिकतर महाविद्यालयों में अंतिम तिथि से एक दिन पहले तक निर्धारित सीटों से कम ही आवेदन पहुंचे हैं। जिससे महाविद्यालय प्रबंधन की परेशानी बढ़ी हुई है। अंतिम तिथि को रविवार होने के बावजूद महाविद्यालय प्रबंधन ने कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है, ताकि आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। अंतिम दिन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है।

**01 जुलाई तक ठीक की जा सकेगी त्रुटियां**

जारी शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को 01 जुलाई तक ठीक करवा सकेंगे। 02 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 04 जुलाई को प्रोविजनल व 05 जुलाई को पहली फाइनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी 05-09 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकेंगे। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

**पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 05 जुलाई को**

महाविद्यालयों में दाखिले के लिए चल रही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को रविवार को अंतिम दिन रहेगा। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दाखिले को लेकर पहले जारी किए गए शेड्यूल में बदलाव किया है। जिसके तहत पहली फाइनल मेरिट लिस्ट अब 05 जुलाई को जारी की जाएगी। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

- डॉ. दिलबाग जाखड़, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत।

**यह रहेगा नया शेड्यूल**

- ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया : 30 जून तक
- आवेदन में त्रुटियां ठीक कर सकेंगे : 01 जुलाई तक
- दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन : 02 जुलाई तक
- पहले चरण की काउंसिलिंग
  पहली प्रोविजनल मेरिट सूची जारी : 04 जुलाई
  पहली फाइनल मेरिट सूची जारी : 05 जुलाई
- फीस जमा करवाने की तिथि : 05 से 09 जुलाई तक
- दूसरे चरण की काउंसिलिंग
  दूसरी प्रोविजनल मेरिट सूची जारी : 10 जुलाई
  दूसरी फाइनल मेरिट सूची जारी : 11 जुलाई
- फीस जमा करवाने की तिथि : 11 से 13 जुलाई
- तीसरे चरण की काउंसिलिंग
  पहली व दूसरी काउंसलिंग में वंचित आवेदकों की फिजिकल काउंसलिंग : 16 जुलाई
- पंजीकरण के लिए दाखिला पोर्टल रि-ओपन : 17 जुलाई
- 100 रुपये विलंब शुल्क सहित काउंसलिंग फिजिकल : 17 से 23 जुलाई
- 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसलिंग : 24 से 30 जुलाई

# शिक्षा ही तरक्की का रास्ता : रामचंद्र जांगड़ा

- बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छी खुराक देंने का आह्वान किया
- सांसद निधि से संत कबीर भवन के लिए 11 लाख तथा विश्वकर्मा मंदिर के लिए पांच लाख रूपए देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शनिवार को खरखौदा में कबीर जयंती मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने संत कबीर की प्रतिमा का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष संतों का देश रहा है। जब-जब अधर्म बढ़ता है तब तब सिद्ध पुरुषों ने जन्म लेकर लोगों का कल्याण किया है।

समाज से आडंबरों को दूर करने के लिए कबीरदास ने अहम भूमिका निभाई है। समाज में व्याप्त आडम्बर को लेकर संत कबीर ने एक तरफ मुसलमानों की पूजा पद्धति की आलोचना की तो दूसरी तरफ हिन्दू उपासना पर सवाल उठाए। राज्य सभा सांसद ने कहा कि ईश्वर सभी के हृदय में निवास करते है। भ्रमवश लोग जहां तहां भटकते रहते हैं। जबकि मन को पवित्र रखना चाहिए।

उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छी खुराक दें। यही तरक्की का रास्ता है। उन्होंने सांसद निधि से संत कबीर भवन के लिए 11 लाख रूपए देने की घोषणा की। इसके अलावा विश्वकर्मा मंदिर के लिए पांच लाख रूपए देने की घोषणा की। समाज सेवी धर्मवीर दहिया ने कहा कि संत महापुरुषों को जाति अथवा भौगोलिक सीमाओं में नहीं बांधा जाना चाहिए। उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि कबीर साहेब छात्रावास व पुस्तकालय निर्माण प्रस्तावित है।

उन्होंने पुस्तकालय के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस अवसर पर संत कबीर समाज सेवी समिति के प्रधान हीरालाल इंदौरा,राजू धानक,कैप्टन बलवान सिंह, जोरावर बरोना, मा.संदीप, गुलशन राय ठेकेदार, सुनील पांचाल, आनन्द खटक आदि उपस्थित रहे। बेशक कार्यक्रम गैर राजनीतिक था, तथापि भाजपाइयों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। यह अलग बात है कि भाजपाइयों के एक धड़े ने निमंत्रण के बावजूद आयोजन से दूरी बनाए रखी।

# गार्ड को गोली मारकर 38 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में स्थिते एचडीएफसी बैंक की शाखा के गेट पर कैश वैन के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर 38 लाख रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। सुरक्षा गार्ड ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने भाग रहे बदमाश पर गोली चलाई थी। जिसका छर्रा लगने से वह घायल हुआ था। ऐसे में पुलिस अस्पतालों में चिकित्सकों से भी संपर्क कर रही है। जिससे हमलावरों के बारे में सुराग लग सके। इसके लिए कुंडली थाना की दो टीमों के साथ ही सीआईए की तीन टीम गठित की गई है। गांव हजरतपुर हाल में कड़कड़डूमा दिल्ली निवासी पूर्णमल ने पुलिस को बताया है कि एलांज सर्विस कंपनी में काम करता है। वह शुक्रवार शाम भी कुंडली एचडीएफसी बैंक की शाखा में गए थे। उनके साथ दूसरे गार्ड यूपी के जिला मैनपुरी के गांव अंबरपुर पतरा के मुनेश्वर व एक अन्य कर्मी यूपी के सीतापुर के गांव महमूदाबाद निवासी रोहित भी थे। रोहित ही नकदी से भरा संदूक लेकर बैंक से बाहर आए थे। तभी बाइक सवार दो बदमाश मुनेश्वर के पेट में गोली मारकर 38 लाख रुपये लूट ले गए थे। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गनीमत रही कि बदमाश उस नकदी को नहीं लूट सके।

**बदमाशों पर चलाई थी गोली, लगा छर्रा**

पूर्णमल का कहना है कि बदमाशों का पीछा कर उन्होंने गोली चलाई थी। जिसका छर्रा भी बदमाश को लगा है। जिसका पता लगने के बाद पुलिस अस्पतालों से भी किसी गोली लगने से घायल हुए युवक की जानकारी जुटाने में लगी है। वहीं घायल मुनेश्वर की हालत अभी स्थिर है। उन्हें उपचार दिया जा रहा है।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले गुरुजनों को 05 सितंबर को शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2024 की चयन प्रक्रिया के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए आवेदन आमंत्रित किए हैं। राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षक जारी किए गए लिंक पर 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों व विद्यालयों को योग्य शिक्षकों के नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। पुरस्कार के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापक व अध्यापिका 21 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि जारी किए गए लिंक के माध्यम से प्राप्त आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। प्रतिवर्ष 5 सितंबर को राजकीय व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्यपाल की तरफ से राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वहीं शिक्षा विभाग के 24 मई 2022 को जारी आदेश के अनुसार राज्य शिक्षक पुरस्कार पॉलिसी में स्टेट अवार्डी शिक्षकों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में दो साल का सेवा विस्तार बंद करने और 21 हजार रुपये नकद राशि के स्थान पर एक लाख रुपये की राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अन्य सभी शर्तें एवं मापदंडों पहले के समान ही रहेंगे।

**देना होगा 15 साल का लेखा-जोखा**

राज्य अध्यापक पुरस्कार पाने के लिए शिक्षकों को मेहनत करनी होगी। विभगा ने इस पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया को मुश्किल कर दिया गया है। इसके तहत शिक्षकों को 15 वर्षों का रिकार्ड देना होगा। इसके अलावा अभिनव प्रयोग, निपुण भारत लक्ष्य, खेल में स्कूल के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के अंक भी जोड़े जाएंगे। आवेदन दो वगार्ें में किए जाएंगे। पहले वर्ग में प्राचार्य, मुख्याध्यापक व पीजीटी शिक्षक शामिल होंगे। वहीं दूसरे वर्ग में टीजीटी, पीआरटी शिक्षक व मुख्य शिक्षक शामिल होंगे।

## हमला कर बाइक व मोबाइल फोन लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी झंझारा व बीएसटी के निकट रेलवे लाइनों के नीचे बनी पुलिया से निकलने के दौरान कुछ युवकों ने बाइक चालक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद युवक उसकी बाइक व मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। शिकायत में गढ़ी झंझारा गांव के चांद ने बताया कि 28 जून की रात वह कंपनी से अपनी बाइक पर घर लौट रहा था तो वहां 4-5 लड़कों ने उसके सिर व कमर पर गिल्ली से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपित उसकी बाइक व मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने 4-5 अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## बाइक सवार से हजारों की नकदी व मोबाइल लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बेखौफ बदमाश लूट की वारदातों को अंजाम देकर भाग निकले। गांव नई बसौदी के पास युवक पर हमला कर बदमाशों ने नकदी व मोबाइल लूटा तो सोनीपत शहर में विवेकानंद स्कूल के पास युवक से बाइक, डेबिट कार्ड व मोबाइल लूट लिया गया। बहालगढ़ व सदर थाना सोनीपत पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए है। गांव नई बसौदी निवासी आशीष ने बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 10 बजे बाइक पर सवार होकर गांव की तरफ जा रहे थे। जब वह गांव के पास पहुंचे तो एक युवक ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इस पर उन्होंने अपनी बाइक को रोक दिया। उनके बाइक रोकते ही युवक ने चाबी निकाल ली। इसी बीच तीन युवक और आ गए। उन्होंने आते ही उन्हें डंडे से पीटना शुरू कर दिया। साथ ही धमकी दी जो कुछ है वह उन्हें दे दो। जिसके बाद युवकों ने उनका मोबाइल फोन व 15 हजार रुपये लूट लिए। बाद में बदमाश अपनी दो बाइकों पर सवार होकर गांव पुरानी बसौदी की तरफ भाग गए।

# यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां द्वारा सभी यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विवि द्वारा परीक्षाओं के परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।

महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रि-अपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। विवि द्वारा सभी यूजी पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

## कार्यालय से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कार्यालय से चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी नांगल कलां सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बिंदरौली निवासी अशोक कुमार ने गत 28 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कंपनी में नौकरी करता है। कार्यालय के कैश टेबल में 58907 रुपये की राशि को रखा था। देर शाम को कार्यालय बंद करके चाबी बाहर ईट के नीचे रख दी। वहीं अटेरना निवासी मयंक हर रोज कार्यालय को खोलता है। मयंक ने कार्यालय में आकर देखा तो कार्यालय का शट्र खुला मिला। जब कैश चेक किया तो दराज से नकदी गायब मिली। कार्यालय में लगे सीसीटीवी की जांच की तो हेल्मेट पहने व मुंह पर कपड़ा बांधे हुए युवक दिखाई दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## सरकारी स्कूल से सामान चोरी

**खरखौदा।** खांडा गांव स्थित लीलावती कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने ताला तोड़कर काफी सामान चुरा लिया है। प्राचार्य राजेंद्र कुमार बताते हैं कि वह शनिवार को स्कूल में आये तो कार्यालय के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। जांच किए जाने पर मालूम हुआ कि कार्यालय से कंप्यूटर सेट, डबल बैटरी सेट, सोलर पैनल की बैटरी व इनवर्टर चोरी हो गए हैं। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### शेयर बाजार में लाभ दिखाकर लोगों को लिया झांसे में

# साइबर ठगी : शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो करंसी और प्रोडक्ट मार्केटिंग के नाम पर 41.21 लाख ठगे

- सोनीपत में ऋषिनगर के युवक को झांसे में लेकर 28 .40 लाख ठगे
- कुंडली क्षेत्र के रेजिडेंट को मोटी कमाई का झांसा देकर 7 .05 लाख ठगे
- कुमासपुर स्थित महिला रेजिडेंट को झांसे में लेकर 5 .76 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। ठग लोगों को शेयर ड्रेडिंग, क्रिप्टो करंसी व प्रोडक्ट मार्केटिंग के नाम पर लाखों रुपये की नकदी ऐंठने के आरोप के मामले सामने आए है। ठगों ने लोगों को मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। शेयर बाजार, क्रिप्टो करंसी व प्रोडक्ट मार्केटिंग में 20 से 30 फीसदी का लाभ दिखाकर लोगों को झांसे में लिया है। अब कुंडली व कुमासपुर के रेजिडेंट के साथ ही सोनीपत शहर के युवक को झांसे में लेकर 41.21 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ितों के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए है।

शहर निवासी विशाल ने बताया कि वह फेसबुक लिंक के माध्यम से एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हुए। जिसमें शेयर ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा होने का लालच दिया गया। उन्हें मल्होत्रा अकादमी ए-2 में शामिल किया गया। उनका संपर्क राकेश मल्होत्रा व अदिति से हुआ। उन्हें क्रिप्टो करंसी में रुपये लगाने चाहिए। अमेरिका के मोबाइल नंबर वाले एक्सचेंज प्रतिनिधि ने उन्हें विश्वास में लिया।।द में उन्हें झांसे में लेकर 28.40 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मुनाफे के नाम पर 7.05 लाख की राशि ऐंठी**

कुंडली क्षेत्र के रेजिडेंट कमल ने बताया कि उनके इंस्टाग्राम पर मैसेज आया था। जिसमें फ्री में शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग सिखाने की बात लिखी थी। उन्होंने उस पर क्लिक किया तो उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। बाद में शेयर बाजार में 20 से 30 फीसदी का मुनाफा होने का झांसा देकर 7.05 लाख रुपये ठग लिए गए। साइबर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**प्रोडक्ट मार्केटिंग के नाम पर महिला से 5.76 लाख ठगे**

कुमासपुर स्थित बिल्डर कंपनी की रेजिडेंट प्रीति से साइबर ठगों ने प्रोडक्ट मार्केटिंग के नाम पर 5.76 लाख रुपये ठग लिए गए। उनके मोबाइल पर फेसबुक मैसेंजर पर टास्क से संबंधित मैसेज आया था। उसे प्रोडक्ट मार्केटिंग का काम करने को बोला गया। स्टार्टिंग में 800 से 1000 रुपये दिए गए।

## बदलते मानसून में किया पौधरोपण



**सोनीपत।** एनएसएस व एनएसओ के सदस्य बदलते मानसून को देखते हुए गांव चौहान जोशी में पौधरोपण किया गया है। सदस्यों ने पौधरोपण के दौरान अपील करते हुए कह कि एक-एक आदमी 2-2 पौधे लगाए और साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य रहते हुए रामनिवास ने अपने अनुभवों से बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना में सभी युवाओं को कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हुए वह सारी स्किल्स सिखनी बेहद जरूरी है जो की कागजी किताबों से हटकर कॉलेज के युवाओं को अनुभव का ज्ञात कराएगा।